राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने डॉ॰ सी॰पी॰ ठाकुर को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 'लाइफ टाइम एचीवमेन्ट अवार्ड' प्रदान किये जाने पर हार्दिक बधाई दी

पटना, 27 मई 2017

राज्यपाल श्री राम नाथ कोविन्द ने सुप्रसिद्ध चिकित्सक एवं राज्यसभा सांसद डॉ॰ सी॰पी॰ ठाकुर को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 'लाइफ टाइम एचीवमेन्ट अवार्ड' प्रदान किये जाने पर उन्हें हार्दिक बधाई दी है।

राज्यपाल श्री कोविन्द ने आज राजभवन में श्री ठाकुर को बुद्ध–प्रतिमा प्रदान कर उनकी गौरवपूर्ण उपलब्धि पर बधाई और मंगलकामनाएँ दी । ज्ञातव्य है कि कालाजार रोग की चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ॰ ठाकुर के शोध एवं निष्कर्ष विश्व–स्तर पर अत्यन्त चर्चित रहे हैं।

....